भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला

साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (दिनांक 01.10.2026 से 31.10.2026 तक)

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश ने 'साइबर सुरक्षा जागरूकता माह' मनाने के लिए 27 अक्टूबर, 2026 को एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यशाला NICSI की "टेक सक्षम" पहल के अंतर्गत आयोजित की गई थी, जिसका मुख्य विषय "साइबर सुरक्षा जागरूकता माह - सुरक्षित रहें, सतर्क रहें" था। इस कार्यशाला का उद्देश्य सुरक्षित कंप्यूटिंग आदतों को बढ़ावा देना, साइबर लचीलापन विकसित करना और डिजिटल सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करना था। इस कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग के विशेष सचिव, श्री हरबंस ब्रासकॉन (IAS) और राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, श्री ललित कपूर जी उपस्थित रहे। इस सत्र में हिमाचल प्रदेश सचिवालय के कुल 100 अधिकारियों/कर्मचारियों और NIC हिमाचल प्रदेश के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।



श्री ललित कपूर, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी हिमाचल प्रदेश, मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए

कार्यशाला की झलकियां





